हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–317 : जौनपुर, शुक्रवार 01 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## विधान परिषद चुनाव सरकार की पहली परीक्षा, सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास किया : सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र सदस्य चुनाव प्रदेश नई सरकार की पहली परीक्षा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ बिना किसी भेदभाव, प्रताड़ना और शोषण के सहयोग किया है तो उनका भी दायित्व है कि वह भाजपा के सभी 27 उम्मीदवारों को जिताएं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बृहस्पतिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये स्थानीय निकाय क्षेत्र सदस्य चुनाव के मतदाताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 सदस्यों के चुनाव में भाजपा के 9 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। उन्होंने कहा कि शेष 27 सदस्यों का चुनाव में विधायकों, सांसदों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों को एकजुट होकर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव जिताना है। उन्होंने कहा कि जो सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिक रूप से आगे बढ़ा रही है यदि उसी सरकार के जनप्रतिनिधि चुनकर आएंगे तो विकास पहले से तेज होगा और उसका श्रेय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी जीतकर आएंगे तो वह सदन और सरकार के समक्ष क्षेत्र की समस्या को रखकर उसका समाधान कराएंगे।



उन्होंने कहा कि जब केंद्र और प्रदेश में एक जैसी विचारधारा की सरकार है तो स्थानीय निकाय क्षेत्र से एमएलसी भी उसी विचारधारा का व्यक्ति चुनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के सभी मतदाता 9 अप्रैल को मतदान के बाद महाअष्टमी के दिन देवी मां की पूजा कर लोकतंत्र और धार्मिक आस्था को पुष्ट करें। उन्होंने कहा कि 2017 में विधान परिषद में भाजपा के मात्र सात आठ सदस्य होने से विकास अवरुद्ध होता था। लेकिन अब स्थानीय निकाय क्षेत्र सदस्य चुनाव में सभी 36 सीटों पर भाजपा की जीत होगी तो विधान परिषद में भाजपा को 75 से 80 सीटों के साथ बहुमत होगा। विधानसभा के बाद विधान परिषद में बहुमत होने से विकास अवरुद्ध नहीं होगा।

## प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दिया जाएगाः गिरीश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति ने उन्हें अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश को खेल में बढ़ावा देने और समृद्धशाली बनाने पर जोर देंगे। खेल के अवसर देने के साथ–साथ प्रतिस्पर्धा करा कर प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को अखिल भारतीय स्तर पर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले को केंद्रीय विद्यालय के रूप में शीघ्र ही सौगात मिलने वाली है। गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए नव युवक मंगल दल को सक्रिय किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने स्वागत करते हुए कहा कि कबड्डी खो–खो जैसे लुप्तप्राय खेलों को बढ़ावा दिया जाए जिससे गांव के खिलाड़ियों की भी प्रतिभाओं का विकास हो। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ी लगातार प्रदेश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने विश्वविद्यालय में हॉकी खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रोट्रफ की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था का विकास एक दूसरे के सहयोग से ही होता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में हम सरकार का सहयोग लेते रहेंगे। समारोह का संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय,



परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, श्रीमती बबीता सिंह, प्रोफेसर प्रो.वंदना राय, प्रोफेसर अजय द्विवेदी, प्रो.रामनारायण, प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. बीडीध शर्मा, शिक्षक संघ के डा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह, डा. मनोज मिश्र, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. रजनीश भास्कर, डा.रसिकेश, डॉ. आशुतोष सिंह, डा. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, एनएनएस समन्वयक डा. राकेश यादव, डा. जगदेव, डॉ. अमित वत्स, डॉ.घ्नृपेंद्र सिंह, ध्‍ डॉ. मनोज कुमार पांडेय,डॉ धीरेंद्र चौधरी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. स्वर्ण कुमार, डॉ. सौरभ सिंह कर्मचारी संघ अध्यक्ष रामजी सिंह महामंत्री केशव यादव, आदि उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने देशी शराब की दुकान हटाने की किया मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के शिवगुलामगंज से लालाबाजार मार्ग पर उमरपुर गांव में स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने को लेकर शुक्रवार को ग्राम प्रधान विजय बहादुर यादव के नेतृत्व में महिला पुरुषों ने जमकर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप था कि शराब की दुकान से परिवार के मुखिया के अलावा किशोर बच्वें भी बर्बाद हो रहें है। जमकर विरोध जताते हुए जिलाधिकारी को सँयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तैयार किया गया। दुकान से समीप मौजूद महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। इस लिए यहां से देशी शराब की दुकान हटाया ह ने कहा कि देशी शराब की दुकान गांव में होने के कारण कम उम्र के बच्चे भी इसका सेवन करने लगे हैं। जिसके कारण उन बच्चों का भविष्य अन्धकार में डूब रहा है। जिलाधिकारी से देशी शराब की दुकान हटाने की मांग की गई है। इस दौरान उतरीजपुर ग्राम प्रधान बृजेश यादव, डॉ. विनोद यादव, सतीश यादव, बंशराज शर्मा, जगतनरायन विश्वकर्मा, समर बहादुर यादव, विकास कुमार यादव, दीपक, पंचम यादव, रमेश यादव, राजेंद्र यादव, अंकुर, माईकल कुमार, राजू, सुशील सरोज, रेखा, सुनीता, प्रभावती, शान्ति, अनीता, चंद्रावती देवी, जडावती देवी, कान्ती, कुन्ती देवी, सुदामा देवी, मुन्नी देवी, शीला देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत छात्रों को विद्यालय की ओर से किया गया सम्मानित

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : गुरुवार को नगर के पब्लिक शिक्षा निकेतन विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन कमलाकांत बाजपेयी व साथ ही विद्यालय प्रबंधक माया प्रकाश अवस्थी ,कोषाध्यक्ष डॉ आलोक अवस्थी व प्रधानाचार्य सुबोध रंजन गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन कमला कांत बाजपेयी व विद्यालय प्रबन्धक माया प्रकाश अवस्थी ने संयुक्त रूप से मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र /छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने सराहा। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय में अपनी –अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त छात्र/ छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा पुरस्कृत राज्य पुरस्कार प्राप्त छात्रों को भी विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में आरती राजपूत,तान्या त्रिवेदी,शौर्य त्रिवेदी, प्रांशु बाजपेयी प्रियांशु मिश्रा, पवन मिश्रा,शिवम,अर्पित दीक्षित शामिल रहे। इस अवसर पर संचालक अनुराग अवस्थी,नमित मिश्रा,कृष्ण मुरारी पांडेय, गिरीश मिश्र,हनुमान शरण अग्निहोत्री, दिलीप दीक्षित,सुनील शुक्ल, शिवकांत, रोहित,शिवानी आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने एक शातिर अवैध शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने एक शातिर अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 536 लीटर अवैध शराब स्पिरिट ( 8. 50 लाख कीमती), रैपर, बारकोड, एक स्कार्पियो वाहन व दो मोटर साइकिल बरामद हुए है ।श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस को एक शराब तस्कर को मय अवैध शराब के गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुयी। मुंगरा पुलिस को कुछ दिनों से अवैध शराब के गोरख धन्धे की शिकायते मिल रही थी जिनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु मुगराबादशाहपुर पुलिस लगी थी कि दिनाकं 31.03.2022 को जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर वाहनो से अवैध शराब लेकर गोवर्धनपुर की तरफ आने वाले है जिसपर थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर द्वारा मय टीम के साथ तत्परता से घेराबन्दी करते हुए गोवर्धनपुर के सिवान के पास से एक स्कार्पियों व दो दो पहियां वाहन स्प्लैन्डर पर लदे माल अवैध शराब आदि के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया अन्य अभियुक्तगण खड़ी फसलो एवं अन्धेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे जिनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.राजेश कुमार पटेल उर्फ कलेक्टर पुत्र सूर्यलाल निवासी पूरादयाल थाना मु0बादशाहपुर जनपद जौनपुर। प्रकाश में आये अभियुक्तगण– 2.सतीश सरोज पुत्र जोखुलाल सरोज निवासी गोवर्धनपुर थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.वीरबहादुर उर्फ पिन्टु सिंह पुत्र जोखन सिंह ग्राम महमुद पुर थाना बरसठी जौनपुर । अपराधिक इतिहास वीरबहादुर उर्फ पिन्टु सिंह– 1.मु0अ0सं0–108/202 धारा–60 आबकारी अधिनियम व धारा–273/273 भादवि व 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना मछलीशहर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–332/18 धारा–504/506 भादवि थाना मड़ियांहू जौनपुर । 3.मु0अ0सं0–206/16 धारा –60 आब0अधि0 थाना सिगरा मऊ जौनपुर । 4.मु0अ0सं0–64/18 धारा–64/394 भादवि थाना बरसठी जौनपुर । 5.मु0अ0सं0–224/18 धारा–3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना बरसठी जौनपुर । 6.मु0अ0सं0–164/15 धारा–467/468/471 भादवि व 60 आब0अधि थाना बरसठी जौनपुर 7. मु0अ0सं0–270/12 धारा–323/504/506 भादवि व 3(1) sc/st act थाना



बरसठी जौनपुर 8.मु0अ0सं0–101/2021 धारा–354 भादवि थाना बरसठी जौनपुर । 9.मु0अ0सं0–158/2000 धारा–323/504/506/379 भादवि थाना बरसठी जौनपुर । 10.मु0अ0सं0–118/2000 धारा–323/504/506/427 भादवि थाना बरसठी जौनपुर ।11.मु0अ0सं0–11/2004 धारा–307 भादवि व 3(2)5 sc/st act थाना मड़ियाहू जौनपुर 12.मु0अ0सं0–373/15 धारा –60 आब0 अधि0 थाना मड़ियाहूं जौनपुर । 13.मु0अ0सं0–203/16 धारा –60 आब0 अधि0 थाना सिगंरामऊ जौनपुर । 14.मु0अ0सं0–26/2004 धारा–308/325/323/504/506 भादवि थाना बरसठी जौनपुर । 15. मु0अ0सं0–351/15 धारा–60/63/69 आब0अधि0 व 272/419/420/467/468/471 भादवि थाना सुजानगंज जौनपुर 16. मु0अ0सं0–202/21 धारा–60/60 ए आब0अधि व धारा 272/273/419/420/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4.एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात । पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0–80/22 धारा–60/60 ए आबकारी अधिनियम व धारा 273/273/419/420/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। ( सभी के विरुध्द) बरामदगी का विवरण– 1. 536 लीटर अवैध शराब (ड्रम, गैलन व शीशी में पैक), 1000 रैपर, 150 बारकोड, .एक स्कार्पियों, दो मोटरसाइकिल स्प्लैण्डर। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0 अजय प्रकाश पाण्डेय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3.हे0क0 विनोद कुमार सिंह, हे0का0 अमरनाथ सिंह, हे0का0 राजकुमार पाठक, का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल, का0 रवि कुमार, का0 रवि कुमार शाह, का0 अभिमन्यु यादव, म0का0 शिवानी सिंह, म0का0 संजू , चा0हे0का0 मनोज कुमार चौबे थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4.आब0नि0 इन्द्रजीत कुमार मछलीशहर क्षेत्र जौनपुर मय टीम।

## कुलपति संग विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान के शोध व नवाचार हाल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा के पांचवें संस्करण कार्यक्रम का प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस दौरान सभागार में कुलपति, कुलसचिव, शिक्षक समेत काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने प्रधानमंत्री के आफलाइन और आनलाइन पढ़ाई के सवाल पर दिए गए उत्तर को सराहा, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि माध्यम बुरा नहीं मन बुरा है। अगर मन कहीं और है तो आफलाइन कक्षा में भी आपकी उपस्थिति का कोई मतलब नहीं है। कुलपति ने विद्यार्थियों को सहज भाव से परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे आपकी कार्य कुशलता बढ़ती है और आप सहज, सरल और संयम जैसे गुण भी धारण करते हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया और छात्रों को शुभकामनाएं दी। केंद्राध्यक्ष डॉ रसिकेश ने छात्रों को परीक्षा की सुचिता के मद्देनजर नकल और अनुचित साधन से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यार्थी उग्रसेन यादव, आलोक मौर्य, शुभम साहू, अभय प्रजापति, श्रुति श्रीवास्तव, अलका सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी के



प्रेरणादायक उद्बोधन से हमलोगों का परीक्षा के प्रति ध्यान केंद्रित हुआ है कि इस दौरान हमें क्या–क्या करना चाहिए और क्या नहीं? इससे हमलोगों का पढ़ाई और विषय के प्रति घबराहट जहां कम हुई है वहीं खुद पर भरोसा और विश्वास का स्तर बढ़ा है। हम उनके टिप्स हमेशा अपने जीवन में उतारेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने स्वागत और संचालन डॉ विनय वर्मा ने तथा आभार प्रो. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. बी.डी. शर्मा, डॉ गिरधर मिश्रा, डॉ पुनीत धवन, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डा. अमित वत्स, डा. विनय वर्मा, डा. धर्मेंद्र सिंह, डॉ सुशील कुमार, डॉ प्रमेंद्र विक्रम सिंह अनुपम कुमार मनोज त्रिपाठी प्रभाकर सिंह समेत विद्यार्थी मौजूद थे।

## थाना जलालपुर पुलिस नें गैंगस्टर व लूट के आरोपित युवक को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना क्षेत्र के मझगवांकला गांव के नहर पुलिया के पास से जलालपुर पुलिस ने एक गैंगस्टर व लूट के आरोपित युवक को कट्टा, कारतूस एंव एक किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जलालपुर थाने पर करीब आधा दर्जन अपराधिक मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोदी के नेतृत्व में मझगांवकला गांव के नहर पुलिया के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी बाइक पर सवार आ रहे एक युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया । गनीमत रही की गोली मिस कर गई। उसके बाद पुलिस ने घेरकर उसको गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजा सिंह उर्फ गोलू पुत्र शेषनाथ निवासी ग्राम गदाईपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर बताया। सीओ केराकत शुभम तोदी ने बताया कि गिरफ्तार किए गये अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है और वह काफी दिन से फरार चल रहा था। पूर्व में भी जलालपुर थाने में अभियुक्त के विरुद्ध अवैध तमंचा, लूट सहित करीब आधा दर्जन अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## गोरखपुर–सीएम सिटी में अपराध का बढ़ता ग्राफ : गोला के बाद सहजनवां में चली गोली

गोरखपुर मएडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सीएम सिटी में अपराध का बढ़ता ग्राफ,गोला के बाद सहजनवां में चली गोली, पिता द्वारा बेटे को गोली मारने की सूचना, गंभीर हालत में घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती, सहजनवां थाना के सहबाजगंज की घटना, गोला में भी देर रात बदमाशों




ने बुजुर्ग को मारी गोली, खेत की रखवाली कर रहे किसान को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, घायल बुजुर्ग मेडिकल कॉलेज में भर्ती, बढ़हलगंज में महिला की हुई है संदिग्ध मौत, पिपराईच में पति–पत्नी को पीटकर लूट की वारदात, पीड़ित महिला ने हमलावरों पर अश्लील हरकत का भी लगाया है आरोप,कैंट थाना के गोविवि कैंटीन में भी हुई है फायरिंग की वारदात, फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त से हैं दूर,जिले में अपराध की ताबड़तोड़ वारदात से सनसनी, सीएम सिटी में बढ़ते अपराध को लेकर गंभीर नहीं है आलाधिकारी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**यदि आप अपनें अतीत को नहीं भूलते तो जीवन में आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है इसलिए आज ही सब भूल कर आगे बढ़ें।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## मुकदमेबाजी : फैसलों का लंबा खिंचता इंतजार, आंकड़ों में बढ़ता 'अपराध' और कैदियों से पटे जेल

आपराधिक मुकदमों में ज्यादातर के पूरा होने में औसत रूप से तीन से दस साल का समय लगता है, हालांकि दोषसिद्धि का समय मुकदमों के लिए जेल में बिताए समय से घटा दिया जाता है, लेकिन इसकी वजह से कई निर्दोषों को बगैर किसी अपराध के जेल की सजा काटनी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमिताभ रॉय की अध्यक्षता वाली समिति देश भर की जेलों की समस्याओं को देख रही है और उनसे निपटने के उपाय सुझा रही है। विधि द्वारा स्थापित व्यवस्था में जेल (कारागार) किसी भी अपराध का दंड है। यानी जेल, तंत्र का वह अंग है, जो इस दर्शन पर आधारित है कि अपराधियों को समाज से दूर रखकर एक ऐसा वातावरण दिया जाए, जहां वे आत्म चिंतन कर सकें। पर क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है? सरकार ने लोकसभा में 25 मार्च को जानकारी दी है कि देश की विभिन्न अदालतों में 4.70 करोड़ से अधिक मुकदमे अटके हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में ही 70,154 मुकदमे लंबित हैं। देश की 25 उच्च अदालतों में भी 58 लाख 94 हजार 60 केस अटके हुए हैं। इन लंबित मुकदमों की संख्या दो मार्च तक की है। इनमें से कुछ मामले पचास साल से भी ज्यादा पुराने हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत में जेल सुधारों की त्वरित आवश्यकता है। जिसका एक बड़ा कारण लंबित मुकदमों का बढ़ना, न्यायाधीशों की कमी और सभी जेलों का क्षमता से ज्यादा भरा होना है। जिसका परिणाम कैदियों के खराब मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के रूप में आ रहा है। जेल में यंत्रणा आम है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट 'जेल सांख्यिकी भारत 2020' के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जेलों में बंद हर चार में से तीन कैदी ऐसे हैं, जिन्हें विचाराधीन कैदी के तौर पर जाना जाता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इन कैदियों के ऊपर जो आरोप लगे हैं, उनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। अभी तक इनके ऊपर लगे आरोप सही साबित नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में यह जानकारी भी दी गई है कि देश की जिला जेलों में औसतन 136 प्रतिशत की दर से कैदी रह रहे है। इसका मतलब यह है कि 100 कैदियों के रहने की जगह पर 136 कैदी रह रहे हैं। फिलहाल, भारत की 410 जिला जेलों में 4,88,500 से ज्यादा कैदी बंद हैं। 2020 में, जेल में बंद कैदियों में 20 हजार से ज्यादा महिलाएं थीं, जिनमें से 1,427 महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी थे। मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि भारत में विचाराधीन कैदियों की संख्या दुनिया भर के अन्य लोकतांत्रिक देशों की तुलना में काफी ज्यादा है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 और 25 उच्च न्यायालयों में 1,098 है। उच्च न्यायालयों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर, 2021 तक 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 898 फास्ट ट्रैक अदालतें काम कर रही हैं। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना, उस समस्या के हल का एक पक्ष हो सकता है, जो भारत की खराब जेल व्यवस्था का एक बड़ा कारण है। जजों की संख्या कम होने से जेल में लंबित कैदियों की संख्या बढती जाती है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2020 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जेलों में बंद 69 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं। यानी भारत की जेलों में बंद हर दस में से सात कैदी मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के इंतजार में हैं। इस समस्या के सामाजिक–आर्थिक पक्ष भी हैं। देश में गरीब व्यक्ति के लिए इंसाफ की लड़ाई ज्यादा कठिन है। जिन्हें अच्छे और महंगे वकील मिल जाते हैं, उनकी जमानत आसानी से हो जाती है। दूसरी ओर बहुत मामूली से अपराधों के लिए भी गरीब लोग लंबे समय तक जेल में सड़ने को विवश होते हैं। आपराधिक मुकदमों में ज्यादातर के पूरा होने में औसत रूप से तीन से दस साल का समय लगता है, हालांकि दोषसिद्धि का समय मुकदमों के लिए जेल में बिताए समय से घटा दिया जाता है, लेकिन इसकी वजह से कई निर्दोषों को बगैर किसी अपराध के जेल की सजा काटनी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमिताभ रॉय की अध्यक्षता वाली समिति देश भर की जेलों की समस्याओं को देख रही है और उनसे निपटने के उपाय सुझा रही है। मार्च की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने इस समिति को अगले छह माह में अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। तब तक जेलों में बंद कैदियों का इंतजार जारी रहने वाला है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## हरदोई एसपी ने कई प्रभारियों और उपनिरीक्षकों को किया इधर से उधर

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिले में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था को और मजबूत व चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के उद्देश्य से जनहित में गुरुवार की देर शाम थाना प्रभारी समेत 9 निरीक्षकों और 7 उपनिरीक्षकों के अलावा 26 अन्य पुलिस कर्मचारीगण समेत फेर बदल हरदोई के पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा किया गया। स्थानांतरण के क्रम में थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह का स्थानांतरण थाना कछौना में प्रभारी निरीक्षक के पद पर किया गया। वहीं



थाना क [illegible] ुनील कुमार सिंह को पाली थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। आपको बता दें कि 13 नवंबर 2021 को माधौगंज थाने से स्थानांतरित होकर आये पाली थाने का चार्ज संभालने वाले इंस्पेक्टर संदीप सिंह का गुरुवार को देर शाम स्थानांतरण एसपी राजेश द्विवेदी ने कर दिया है। पाली थाने के इंस्पेक्टर संदीप सिंह प्रभारी निरीक्षक रहते क्षेत्र में अपराधी तत्वों पर लगाम लगाम लगाने के साथ कच्ची शराब के कारोबार पर भी काफी हद तक अंकुश लगाया। जिले के तेजतर्रार पुलिस अफसरों में शुमार संदीप सिंह ने थाना क्षेत्र में लॉ एंड आर्डर को बेहतर तरीके से बनाये रखा। क्षेत्र की राजनीतिक स्थितियों की भली भांति पहचान रखने वाले इंस्पेक्टर संदीप सिंह के समय क्षेत्र में बड़ी वारदातों पर भी रोकथाम रही। सबसे कम उम्र में बने इंस्पेक्टर अपनी अच्छी कार्यशैली के लिये एक अलग पहचान रखने वाले पाली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप सिंह को गुरुवार देर शाम एसपी राजेश द्विवेदी ने स्थानांतरण कर दिया।

## अवैध तमंचे से जानलेवा फायर करने वाला फरार अभियुक्त गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : विगत दिवस ( 30 मार्च ) को थाना राम चन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयाँ निवासी मैकू लाल की पत्नी श्रीमती कन्यावती ने मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी गोपी के विरुद्ध जान लेने की नीयत से तमंचा से फायर करने का मुकदमा दर्ज कराया था । जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज होनें के बाद थाना प्रभारी रवि कुमार की सख्ती के चलते सक्रिय हुई पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक विनोद कुमार ने साथी हमराही हेडकांस्टेबल उपदेश कुमार एवँ आरक्षी दीपांशु , लोकेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर वृहस्पतिवार की शाम करीब 06 बजे थाना क्षेत्र में पड़ने वाले तम्मीखाँ के भट्टे को जाने वाले रास्ते के पास हाइवे के पास से गोपी को मय तमंचा एवँ कारतूस बरामद करते हुए



गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

## यौन शोषण के मामले में डेढ़ वर्ष से फरार इनामी गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व जघन्य अपराधों के वांछित , फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान में थाना कोतवाली पुलिस को डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है । थाना कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार सिंह की गठित पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक प्रांजल सिंह यादव ने हमराही आरक्षी आकाश कुमार एवँ आदेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर अण्टा चौराहे के आगे विसरात रोड पर ठेके के पास से यौन शोषण के मामले में पिछले डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी 15 हजार रूपये के इनामी अपराधी राजीव को दिन के करीब ग्यारह बजे गिरफ्तार कर लिया । इस बारे में अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त 31 अक्टूबर 2020 से थाना कोतवाली में दर्ज यौन शोषण के मुकदमें में फरार चल रहा था । जिसको गिरफ्तार



करने के लिए कुर्की की भी कार्यवाही की गयी थी । अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने भी 15 हजार रुपये का पुरष्कार घोषित किया गया था । पुलिस टीम अभियुक्त की तलाश में लगातार सम्भावित जगहो पर दबिश दे रही थी।

## भावुक क्षणों में प्रधानाध्यापिका मीना को विदाई दी गई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उच्च प्राथमिक विद्यालय नरहाई की प्रधानाध्यापिका मीना मिश्रा को भावुक क्षणों के बीच विदाई दी गई इस अवसर पर विद्यालय परिवार की दीप्ति दिक्षित अंजना तिवारी अशोक सिंह विश्वजीत सहदेव वीरेश आदि अध्यापको ने मीना मिश्रा का माल्यार्पण किया और उन्हें रामचरितमानस, और आचार्य श्रीराम शर्मा का साहित्य भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर परसंकुल प्रभारी अशोक सिंह ने कहा विधि व्यवस्था के अनुसार सभी शिक्षकों को 1 दिन रिटायर होना ही पड़ता है वर्तमान समय में अगर कोई अध्यापक पर कोई जांच कोई कार्यवाही नहीं हुई है तो वह श्रेष्ठ और काबिल अध्यापक है। उन्होंने कहां है की अध्यापिका महोदया स्वस्थ रहें दीर्घायु हो और अपने परिवार के साथ आगे का जीवन सुखमय ढंग से गुजारे ऐसी प्रभु से उनके लिए कामना इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम रूप ने कहा कि मेरा 1 साल का कार्यकाल के पूरा होते हुए ही प्रधानाचार्य रिटायर हो रहीहैं उनके द्वारा उनके साथ किए गए कार्यों को हमेशा याद करगा।इस अवसर पर दीप्ति दिक्षित अंजना तिवारी राम लखन मिश्रा शुभम मिश्रा सहदेव वीरेश




आदि शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए। उस समय क्षण भावुक हो गए बेटे शुभम ने मां के रिटायरमेंट पर अपनी मां के लिए कविता सुनाई। जिनको सुनकर रिटायर्ड अध्यापिका के आंखों में आंसू आ गए अध्यापक सहदेव ने भी विदाई के क्षणों की एक कविता सुनाएई जिससे माहौल और गंभीर हो गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के अध्यक्ष याना तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंचन मिश्रा बेवी मिश्रा ,बृजेश, पंकज ,खेमकरण भगवान शरण रामवती सावित्री आज मुख्य रूप से मैजूद रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का हुआ भव्य स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल का भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत हुआ। स्वागत कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद जो हरदोई को दो मंत्रियों का उपहार दिया। मंत्री नितिन अग्रवाल को हरदोई की जनता का अभूतपूर्व प्यार मिला और भाजपा ने परिवार में शामिल कर पूरा सम्मान देने का काम किया। जिला भाजपा कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के सिंबल पर पहली बार लड़ा, मुझे इतना प्यार मिला जिसका कभी अनुमान नहीं लगाया था। भाजपा सरकार के कामों का जनता ने यह इनाम दिया कि पूर्ण बहुमत से योगी सरकार दोबारा जनता की सेवा करने जा रही है। नितिन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओ को अपने राजनैतिक करियर में एक अहम हिस्सा बताया। चुनाव में जितने वाले कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने का कार्य करेंगे। राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार के बनने के बाद अब २०२४ में जनता का प्यार जीतकर भरी बहुमत से केंद्र में दोबारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान के साथ ही सनातन संस्कृति का सम्मान बढ़ा है। नितिन अग्रवाल ने कहा कि मंत्री मैं पूरे प्रदेश का हू पर



हरदोई का मैं हमेशा बेटा और भाई ही रहूंगा। कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह बब्बन ने किया। मंत्री का स्वागत जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र, जिला प्रभारी प्रकाश पाल, एमएलसी अशोक अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, जिला महामंत्री ओम वर्मा, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता, पूजा मिश्र आदि मौजूद रहे।

## परिजनों की डांट से नाराज होकर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परिजनों की डांट से नाराज होकर युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन राजकीय चिकित्सालय लाए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के मड़वां मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी छद्दूलाल (30) पुत्र पुरुषोत्तम को गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर परिजनों ने फटकार लगाई थी। इसी से नाराज होकर वह घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

## महिला पुलिस की पिटाई से नाराज महिलाए सड़क पर लेट गई : पुलिस के पसीने छूटे

गोरखपुर खजनी रवि कुमार : खजनी थाना गेट के सामने महिला पुलिस की पिटाई से नाराज तीन महिलाओं सड़क पर लेट गई।मामला शांत कराने में खजनी पुलिस के पसीने छूट गए। लेकिन महिलाए सड़क पर डटी रही। सी ओ अनिल कुमार के प्रयास से मामला शांत हुआ। तब जाकर पुलिस राहत की सांस ली।आवागमन एक घण्टे बाधित रहा जहा सड़क पर राहगीरों व वाहनों को झेलना पड़ा। खजनी थाना क्षेत्र के खुटभार गांव निवासी लक्ष्मण पाठक व उनकी सौतेली मां पुष्पा पाठक जमीन जायदाद के बटवारे को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है।लक्ष्मण के पिता की मृत्यु हो चुकी है वह तीन शादी किए थे पहली दो पत्नीया मर चुकी है तीसरी पत्नी पुष्पा पाठक के नाम से मृतक पूरी प्रापर्टी वसीयत कर चुके है।जबकि दूसरी पत्नी का लड़का लक्ष्मण पाठक 38 बर्ष का है जो प्रापर्टी में हिस्सा मांग रहा है।लेकिन सौतेली मां पुष्पा पाठक प्रापर्टी में कुछ भी देने को तैयार नहीं है।इस संबंध में खजनी पुलिस ने बृहस्पतिवार को दोनो पक्षों को पुलिस ने थाने में बुलाया था जहां दोनो पक्ष थाने में मौजूद होकर अपनी अपनी फरियाद कर रहे थे,चुकी पुष्पा पाठक के साथ उनकी विवाहित दो लड़कियां भी थाने में गई थीं।इसी बीच पुष्पा पाठक के लड़कियों से एक दरोगा की कहासुनी हो गई जहा मौजूद महिला पुलिस ने पुष्पा पाठक की लड़कियों को थप्पड़ जड़ दिया।आक्रोशित लड़कियों ने तत्काल थाने से निकलकर गेट के सामने सड़क पर लेट गई जहां सड़क के दोनो ओर जाम की लंबी कतार लग गई। घंटो महिला पुलिस के मशक्कत के बाद भी महिलाए सड़क पर डटी रही। उसके बाद सी ओ अनिल कुमार सिंह के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।लगभग दो घण्टे जाम





लगा रहा। पुलिस ने महिलाओं को थाने में बड़ी देर तक समझाया लेकिन कोई हल न निकल सका। सी ओ अनिल कुमार सिंह ने बताया मामला प्रापर्टी का है जो न्यायालय में वो विचाराधीन है।दोनो पक्षों का मामला न्यायालय ही निर्णय करेगी।

## आमजनों को लूट रही महंगाई : आइए जानें आज से हो रहे बदलावों से आपकी जेब पर कितना पड़ेगा असर

गोरखपुर मएडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौतरफा महंगाई ने आम लोगों की जेब में आग लगा दी है. ऊपर–नीचे, आगे–पीछे, जहां देखो वहां महंगाई की मार है. आमजन की स्थिति बेहाल है. एक तरफ सरकार जनहित की बातें करती है, बड़े–बड़े वादे करती है. दूसरी तरफ वही सरकार आमजन को महंगाई की सौगात देती है. शहर में महंगाई की महामारी फैली हुई. अमीर तो अमीर ही है, मध्यम वर्गीय परिवार और गरीब परिवारों की स्थिति दिन–प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है. कल तक पेट्रोल–डीजल, गैस के ही दाम रुला रहे थे. लेकिन अब तो हर सामान के दाम रुलाने पर तुले हुए है. 1 अप्रैल से एक बार फिर कई चीजों के दाम बढ़ गए है. महंगाई के कारण कच्चा माल, कोयला, डीजल आदि के दाम बढ़ गए है, इसलिए भी कंपनी दाम बढ़ा रही है. टीवी से लकर, बाइक, कार, फ्रीज, वाशिंग मशीन, दवाइयां जैसी कई चीजें महंगी हो जाएंगी. इसके अलावा आज से कई बड़े बदलाव भी होने वाले है, जिसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ेगा। आइए जानते है कहां क्या हुआ बदलाव

दवा 10.7 फीसदी महंगाः नेशनल लिस्ट ऑफ इसेंशियल मेडिसिन यानि कि आवश्यक दवाओं की सूची में आने वाली लगभग 800 दवाइयों की कीमतों में 10.7 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है. पेनकिलर, एंटी बायोटिक जैसे पैरासिटामॉल (च्तंबमजंउवस) फिनाइटोइन सोडियम, मेट्रोनिडाजोल जैसी जरूरी दवाएं महंगी हो गई है। क्रिप्टोकरेंसी पर 30 प्रतिशत टैक्सः वर्चुअल करेंसी पर भी आज से कर संबंधी स्पष्ट नियम लागू होंगे. वर्चुअल डिजिटल एसेट्स या क्रिप्टो पर 30: टैक्स लगेगा. किसी व्यक्ति को क्रिप्टो करेंसी बेचने पर फायदा होता है, तो उसे टैक्स देना होगा। बिक्री पर 1 जुलाई से 1: टीडीएस भी काटा जाएगा । सफर करना हुआ महंगाः नेशनल हाईवे पर सफर करना महंगा हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स में 10 से 65 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। छोटे वाहनों के लिए 10 से 15 रुपए जबकि कॉमर्शियल वाहनों के लिए 65 रुपए तक की बढ़ोतरी की है।

पीएफ कर लागूः जिन कर्मचारियों ने PFअकाउंट में 2.5 लाख रुपए से ज्यादा जमा किया है, उन्हें ब्याज पर इनकम टैक्स देना होगा. टैक्स कैलकुलेशन के लिए अमाउंट को दो हिस्सों में बांटा जाएगा. एक में छूट वाला योगदान, तो दूसरे में 2.5 लाख रुपए से ज्यादा का योगदान रहेगा, जो टैक्सेबल होगा. सरकारी कर्मचारियों के लिए यह सीमा 5 लाख रुपए रहेगी.यहां भी हुआ बदलाव इसके अलावा कई कंपनियां टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन के दाम 5 से 10 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी करने वाली है. वहीं होम लोन पर अतिरिक्त छूट भी खत्म हो जाएगा. पोस्ट ऑफिस में बचत योजना या डाकघर टर्म डिपॉजिट में निवेश से जुड़ नियम भी बदल जाएंगे. ऐक्सिस बैंक में बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस की सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए कर दिया है. GST के तहत 20 करोड़ रुपए से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक चालान काटना होगा. इन सबके अलावा कार, बाइक व स्मार्टफोन के दाम भी बढ़ जाएंगे।

## बालिकाओं की शिक्षा के लिए मातापिता व समुदाय हो जागरूक : बीईओ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हरदोई के बावन बीआरसी में बी ई ओ इंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में आयोजित नारी शिक्षा चौपाल में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी रामसुखारी सिंह, विशिष्ट अथिति जिला पंचायत सदस्य सुनीता मित्रा व जिला व्यायाम शिक्षिका शिमला सिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि लड़कियां अब किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर की हिस्सेदारी निभा रही है। इसलिये लड़िकयों की शिक्षा बहुत जरूरी है। बीईओ ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा के मुद्दे पर माता पिता के साथ समुदाय को भी जागरूक रहना पड़ेगा, तभी बेटियों की शिक्षा पूरी हो सकेगी। लघु नाटिका उच्च प्राथमिक विद्यालय तत्योरा की छात्राओं प्रार्थना, प्रतीक्षा, क्षमा, श्वेता, पूर्णिमा, अंशिका द्वारा प्रस्तुत



किया गया।

## जिलाधिकारी ने किसान पथ का किया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट किसान पथ के निरीक्षण डीएम अभिषेक प्रकाश एवं रक्षा मंत्री के ओएसडी के पी सिंह ,सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ,डॉ राघवेंद्र शुक्ला रक्षा मंत्री के कार्यालय प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी, एनएचएआई के जनरल अन्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किसान पथ का निरीक्षण किया गया एवं कार्यरत कंपनी को 24 घंटे काम करने एवं एक साल के अंदर काम पूरा करने का भी सख्त निर्देश दिया गया।आउटर रिंग रोड के कार्य में लगी कंपनियां लापरवाही बरत रही हैं। चेतावनी के बावजूद कंपनियां लक्ष्य पूरा करने में पीछे हैं। डीएम अभिषेक प्रकाश आउटर रिंग रोड का सत्यापन करने निकले तो कंपनियों की लापरवाही सामने आई। डीएम ने कंपनियों को अल्टीमेटम देते हुए चौबीस घंटे काम करने के निर्देश दिए। यह भी चेतावनी दी कि अगर समय पर काम पूरा नहीं किया तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम सबसे पहले किसान पथ जंक्शन पहुंचे। यहां से डीएम जीरो प्वाइंट, स्टार टॉप किसान पथ, 3100 चौनेज व छपरा 900 ग्राम माती का निरीक्षण किया गया। पिछली बैठक में निर्देश दिए गए थे कि 2000 गाड़ी प्रतिदिन मिट्टी डाली जाएगी, लेकिन ऐसा होता नहीं पाया गया। डीएम ने दो अप्रैल से 2200 गाड़ी प्रतिदिन मिट्टी डालने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग चार अहम भाग हैं। एक किसान पथ, जो द्वारा बनाया जा रहा है, वह पूरा हो गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा बाकी दो और सेक्शनों पर कार्यों को और है और शहीद पथ के तीन सेक्शन हैं जो तेज करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री , केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ और केंद्र सरकार के खिलाफ हुआ दिल्ली पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया आज आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता केंद्रीय कार्यालय पर एकत्रित होकर दिल्ली में हुए जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के आवास पर बीजेपी के गुंडों के द्वारा तोड़फोड़ करने के विरोध में जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया अपने नेता के हमले को लेकर आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि कार्यकर्ता आक्रोशित दिखे और यह आरोप भी लगाया कि भाजपा पंजाब का चुनाव हारने के बाद भाजपा बौखला गई है इसी वजह से अरविंद केजरीवाल जी और आम आदमी पार्टी को भाजपा वाले पचा नहीं पा रहे हैं भाजपा के युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और तेजिंदर बग्गा के नेतृत्व में करीब 200 बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने हमला किया यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसी क्रम में जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि इसी तरह उत्तर प्रदेश में बाबा आदित्यनाथ योगी जी ने माननीय राज्य सभा सांसद आम आदमी पार्टी के संजय सिंह जी के ऊपर तमाम मुकदमा कर दिए इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी ने कहा कि इनके राज्य में सही बोलना अन्याय है यह सब को दबाकर रखने का प्रयास करते हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता माननीय अरविंद केजरीवाल जी के सिपाही माननीय राज्यसभा सांसद संजय सिंह के सिपाही इनके पुलिस और इनके रवैया से डरने वाला नहीं है इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि सच का सामना करने के लिए चाहे कितने मुकदमे



झेलने पड़े चाहे पुलिस की लाठी झेलनी पड़े जनता के हित के लिए आम आदमी पार्टी बराबर आवाज उठाती रहेगी इसका जवाब जनता 2019 में देगी इसी क्रम में जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के संविधान से चलना पसंद नहीं करती वह बाबा साहब के संविधान के विपरीत चलती है बाबा साहब का संविधान क्या कहता है कि सबका शिक्षा एक समान होना चाहिए शिक्षा फ्री होना चाहिए चिकित्सा फ्री होना चाहिए गरीबों को बिजली फ्री होनी चाहिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी वाले इसको मानने को तैयार नहीं है आज इस कार्यक्रम में स्वामी साथी अवधेश यादव अच्छे लाल यादव आकाश चौहान आबादी पार्टी के जिला कार्यकारी सदस्य ठाकुर प्रसाद राय स्वतंत्र यादव नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि केराकत विधानसभा के अध्यक्ष पंकज चौहान मोहम्मद शमीम संजय पाल सदर विधानसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज बहादुर पाल जिला संगठन संयोजक रिजवान अहमद स्वतंत्र यादव आम आदमी पार्टी के परीक्षार्थी रघुवंश यादव राकेश गौड़ विकेश कुमार प्रजापति विनोद विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र गौतम आशीष प्रजापति मोहम्मद खुर्शीद आदि लोग शामिल रहे

## विकास भवन, जौनपुर में स्थित कार्यालयों का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 शासन के निर्देश के क्रम में 31 मार्च 2022 को विकास भवन, जौनपुर में स्थित कार्यालयों का पूर्वान्ह् 10.15 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला लेखा परीक्षा कार्यालय के वरिष्ठ सहायक श्रीमती सरिता सिंह, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (आरईडी) कनिष्ठ सहायक भगवान सिंह, कौशल विकास मिशन के मेस मैनेजर श्रीमती ममता चौबे, डाटा आपरेटर सुरेन्द्र सिंह, अनुचर संजीव सिंह अनुपस्थित पाये गये। उक्त अनुपस्थित कर्मचारियों का 31 मार्च 2022 का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित कर्मचारी अपनी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण अपने विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चत करें। उक्त के अतिरिक्त यह पाया गया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एंव जिला समन्वयक, शोसल ऑडिट, जिला निर्वाचन कार्यालय (पं0 एंव नगरीय निकाय कार्यालय की उपस्थिति पंजिका जनवरी–2020 से लगातार प्रचलित है तथा जिला युवा कल्याण एंव प्रा0वि0द0 कार्यालय की उपस्थिति पंजिका जनवरी–2021 से प्रचलित है जबकि कैलेण्डर वर्ष में उपस्थिति पंजिका बदल दिया जाना चाहिए। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (आरईडी) की उपस्थिति पंजिका भी अगस्त–2020 से प्रचलित है। यह पाया गया कि ग्रामीण अभियन्त्रण (आरईडी), लघु सिचाई विभाग एंव डी0आर0डी0ए0 में कार्यरत सहायक अभियन्ता एंव कार्यालय में सम्बद्ध अवर अभियन्ता तथा अन्य कर्मचारी का नाम उपस्थिति पंजिका में अंकित नही है, कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि समस्त सम्बद्ध सहायक अभियन्ताध्अवर अभियन्ताओंध्कर्मचारियों का नाम उपस्थिति पंजिका में अनिवार्य रूप से अंकित कराते हुए हस्ताक्षर कराया जाना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि समय से कार्यालय में स्वंय उपस्थित हों तथा कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। समस्त कार्यालयाध्यक्ष को यह भी निर्देश किया है कि अपने कार्यालय की साफ–सफाई कराने के साथ–साथ पुराने/निष्प्रयोज्य अभिलेखों की नियमानुसार वीडिंग तथा निस्प्रयोज्य वस्तुओं की एक सप्ताह के भीतर नीलामी कराना सुनिष्चित करे। विकास भवन के समस्त तल की साफ–सफाई हेतु नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने तल से सम्बन्धित सीढ़ियों, शौचालय, बरामदे तथा लॉन की नियमित रूप से सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

## जिला कारागार, जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0 पी0 सिंह के निर्देशों एवं अनुमति से कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत द्वारा 31 मार्च 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक का भ्रमण किया गया। बन्दियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में पूँछताछ की गयी, बन्दियों द्वारा किसी समस्या की तरफ ध्यान आकृष्ट नही कराया गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी तथा बताया गया कि ऐसे बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है वे अपने मामलों में निःशुल्क पैरवी हेतु जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मामलों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जायेगा। उन्हें बताया गया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तुरन्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराना सुनिश्चित करें। जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1106 बन्दी है, जिनमें 146 पुरूष तथा 05 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 842 पुरूष तथा 46 महिलाएँ एवं 37 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 09 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जेल अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। ''प्ली बारगेनिंग'' के विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए यह बताया गया कि ''प्ली बारगेनिंग'' के द्वारा दाण्डिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामन्जस्य से आपराधिक प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते है। भारतीय दाण्डिक न्याय व्यवस्था में इस सम्बन्ध में प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2ध2006 के द्वारा ''प्ली बारगेनिंग'' शीर्षक से एक नया अध्याय 21ए (धारा 265ए–265एल द0प्र0सं0) के नाम से जोड़ा गया था, सचिव के द्वारा यह बताया गया कि ''प्ली बारगेनिंग'' के तहत अभियुक्त को अपराध की स्वीकृति करने पर हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो कि अन्यथा कठोर हो सकता है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमें के दौरान हुए खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। ''प्ली बारगेनिंग'' का लाभ ऐसे अपराधों में लिया जा सकता है जिसमें अधिकतम सजा 07 वर्ष से अधिक न हो, अपराध देश की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को प्रभावित न करती हो ऐसे अपराध जो महिलाओं अथवा 14 वर्ष से कम आयु में बच्चों के साथ कारित न किये गये हो। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर एस0 के0 पाण्डेय, डिप्टी जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार भदौरिया व श्रीमती माया सिंह, चिकित्सा अधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार व आशीष मौर्य तथा जेल पी0एल0वी0गण व अन्य उपस्थित रहे।

## डॉ. अर्चना शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी (बीरीबारी) में अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा की अध्यक्षता में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों ने शोक सभा कर दौसा में उत्पीड़न की शिकार हुई मृत डॉ. अर्चना शर्मा को श्रद्धांजलि दी ।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टरों व मरीजों के बीच अटूट विश्वास का रिश्ता होता है।डॉक्टर मरीज के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर देता है।बावजूद इसके चिकित्सकों को उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है।जिसका जीता जागता उदाहरण है डॉ. अर्चना शर्मा।जिन्होंने मरीज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबकुछ दिया बावजूद इसके वह उत्पीड़न की शिकार हुई और जान गवानी पड़ी।वक्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि ऐसी व्यवस्था की जाय जिससे उक्त घटना की पुनरावृत्ति न हो।इस अवसर पर डॉ. प्रिंस मोदी सहित अन्य डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभा की कमी नही : डा. रमेश चंद्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय क्षेत्र के अभिनव पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलांपुर में वृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोंधी डा.रमेश चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि ल बच्चों के व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन करने के लिए व्यवस्थित शिक्षा परम आवश्यक होती है। शिक्षा के माध्यम से आप अपनी कीर्ति का प्रकाश चारो तरफ फैला सकते है, ।श्री चंद्रा ने कहा कि शिक्षा आपकी समस्याओं को सुलझाती है एवं जीवन को सुसंस्कृत करती है।। शिक्षा रूपी ज्ञान के प्रकाश को पाकर व्यक्ति कमल की फूल की तरह खिल जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज राजीव कुमार यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों और यहाँ पढ़ने वाले बच्चों में अद्भुत प्रतिभाएं होती हैसिर्फ जरूरत है इन बच्चों को बेहतर तरीके से ज्ञानवर्धक शिक्षा देकर समाज मे उस मुकाम तक पहुँचाने की। इसके पश्चात विद्यालय की छात्रा कोमल द्वारा स्वागत गीत व आंशिक ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़ के एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहा जिससे आएं हुए दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूंज उठा। इस दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र कक्षा छः के प्रियांशु, अंशिका व अमन। कक्षा सात के अभिषेक, सिमरन व सचिन। कक्षा आठ के सुधाकर, मुस्कान व सृष्टि को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के रुप में पुरस्कार दिया गया ।खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के यादव व मुख्य अतिथि डाक्टर रमेश चंद्रा ने ने संयुक्त रूप से मेडल पहनाकर होनहार छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चिकित्साधिकारी डा. मसूद खान, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, डॉ. इन्द्रसेन मौर्य, रामचेत, संजय गोयल, चन्द्रजीत मौर्य, शोभनाथ सिंह, ज्योति सिंह, नेहा यादव, धर्मेंद्र यादव, दीपक यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साधना सरोज ने की। अंत में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मौर्य ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुखबिर की सटीक सूचना पर खुटहन चौराहे से गुरूवार की सुबह पुलिस ने वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर चलान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अश्विनी दूबे ने बताया कि मुबारकपुर गांव निवासी सुभम सोनी दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहा था। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। गुरूवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित खुटहन चौराहे पर खड़ा है। वह कहीं भागने की फिराक में सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहा है। मौके पर हमराहियो संग पहुँचें थाना प्रभारी और उपनिरीक्षक राजित राम यादव ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## चोरी की योजना बना रहे दो लोंगो को सुरेरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस उच्चाधिकारी के निर्देश पर बुधवार की देर रात्रि थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायन चौरसिया, उपनिरीक्षक रामलाल, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, हेड कांस्टेबल बलवंत यादव, कांस्टेबल सौरभ सिंह के साथ संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्ति की तलाश कर रहे थे । पुलिस का दावा है की उसी दौरान क्षेत्र के सुल्तानपुर चौराहे से भदखिन मार्ग पर चौराहे से महज 15 से 20 कदम की दूरी से दो लोंगों को चोरी की योजना बनाने के दौरान गिरफ्तार कर ली । पुलिस की माने तो गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास से एक नूकिला राड भी बरामद हुआ । गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुरेरी थाना क्षेत्र के कमरुद्दीनपुर गांव के बबलू उर्फ नाटे पुत्र सकुर नाई व दूसरा गोरख पुत्र ताहिर के रुप में हुई जिसे पुलिस सुरेरी थाने ले आकर संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही में जूट गई । पुलिस का दावा है की कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त दोनो व्यक्तियों ने बीते 26 मार्च दिन शनिवार की रात्रि को क्षेत्र के देहुँआ गॉव निवासी सुनील मोदनवाल की कसेरु चौराहे पर स्थित मीठे की दुकान से हुई 4500 रूपये नकद समेत मीठा व ट्रे की चोरी को भी कबूल किया पुलिस को चोरी के दो स्टील के ट्रे भी उक्त दुकान के पास से बरामद हुआ । जिसमें सुरेरी पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपितों का चालान न्यायालय भेज दिये । इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायन चौरसिया ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में चालक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के सतहरिया पुलिस चौकी के निकट गुरुवार की शाम ट्रक एवं ट्रेलर में आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में चालक जहां गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई तथा दो भैंस भी घायल हो गई । मछली शहर की ओर से ट्रक सतहरिया स्थित एक फैक्ट्री में माल लोड करने के लिए जा रही थी। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे ट्रक चालक असंतुलित होकर सड़क किनारे बंधी भैंस को टक्कर मारते हुए विद्युत पोल से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई । ट्रक की टक्कर से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो भैंस घायल हो गई । घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना में घायल ट्रक चालक अरविंद सिंह को उपचार हेतु मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने धूमधाम से मनाया विधायक डॉक्टर नीरज बोरा का जन्मदिन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलिंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.डी.शर्मा ने विधायक डॉक्टर नीरज बोरा के जन्मदिवस पर उनको बधाई पत्र एवं उपहार भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने शिरकत की जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आमिर खान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दया शंकर पांडे, सुनील सिंह, राम सुमिरन तिलोई जिला अमेठी आदि शामिल हुए।



# थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मुठभेड़ में लूट व गैगेस्टर का अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा–निर्देशन व शुभम तोदी, क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस टीम रात्रि गस्त चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन में मझगंवा कला खुटहना नहर मार्ग पर मौजूद थी कि थाना गद्दी की तरफ से तेज गति से एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी, मोटर साइकिल सवार को रूकने का इशारा किया गया किन्तु चालक द्वारा वाहन नही रोका गया संदेह होने पर हिकमत अमली से घेरकर रोका गया इस पर मोटर साइकिल चालक ने पुलिस वालों को निशाना बनाकर तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर किया किन्तु गोली मिस हो गयी कि अभियुक्त तुरन्त मोटर साइकिल मे टंगे हुए झोले को लेकर भागा कि 30–35 कदम जाते– जाते घेरकर पकड लिया गया। नाम पता पूछा गया तो अपना नाम राज सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह नि0 गदाईपुर थाना बहरियाबाद, जनपद गाजीपुर बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक मिस कारतूस 315 बोर, एक झोले मे एक किग्रा नाजायज गांजा व एक चोरी की मोटर साइकिल ग्रे काले रंग की हीरो सुपर स्पलेण्डर जिसपर रजि0नं0– UP 50 AK 4913 लगा है जिसके चेचिस नं0 MBLJAR036J9E11399 तथा इंजन नं0 JA05EGJ9E31218 की जाँच की गयी तो वाहन का रजि0नं0– BR45J4701 ज्ञात हुआ जिसके बारे मे पूछा गया तो बताया कि लंका थाना क्षेत्र वाराणसी से चोरी किया हूं जिसका नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण व आपराधिक इतिहास– राज सिह उर्फ गोलू सिंह पुत्र शेषनाथ सिह नि0 ग्राम गदाईपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर। 1–मु0अ0सं0–260/21 धारा–392/411/120बी भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–53/22 धारा–3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना जलालपुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–100/22 धारा–307 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर। 4–मु0अ0सं0–101/22 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर, जौनपुर। 5–मु0अ0सं0–102/ 22 धारा–8/20 NDPS ACT थाना जलालपुर, जौनपुर। 6–मु0अ0सं0–103/22 धारा–411/467/468/471 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक तमंचा 315 बोर मय एक मिस कारतूस । 2.एक किग्रा नाजायज गांजा । 3.एक चोरी की मोटर साइकिल ग्रे काले रंग की हीरो सुपर स्पलेण्डर जिसपर रजि0नं0– न्च 50 ।ज्ञ 4913 अंकित है। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. श्री विजय शंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना जलालपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 मनोज कुमार पाण्डेय, थाना जलालपुर, जौनपुर। 3.का0 आनन्द सिंह, का0 सुनिल यादव, का0 दीपक मौर्या, का0 रामशब्द यादव, का0 योगेश नारायण मिश्र थाना जलालपुर, जौनपुर।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बालू मंडी में किया छापेमारी 61 ट्रकों को किया सीज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अवैध ओवरलोडेड वाहनों और बालू मंडी में अवैध तरीके से ओवरलोडिंग कर ट्रकों द्वारा बेची जा रही बालू के खिलाफ मिली शिकायत पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल व आरटीओ विभाग द्वारा आज प्रातः काल बालू मंडी पर छापेमारी कर ओवरलोडिंग ट्रकों को पकड़ा है ।ट्रकों की संख्या कुल 28 है। सभी ट्रक ओवरलोडेड थे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कार्रवाई करते हुए सभी ट्रकों पर जुर्माना लगाते हुए सील कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने बताया कि बराबर शिकायत मिल रही थी कि ट्रकों पर ओवर लोडिंग का खेल हर रोज चल रहा है ।उसी को संज्ञान में लेते हुए आज खनन विभाग द्वारा 33 व आरटीओ विभाग द्वारा 28 ट्रकों का चालान करते हुए सीज किया



गया है। प्रत्येक ट्रकों पर 20 से 25 टन ओवरलोड सामान लादा पाया गया है इस तरह की कार्यवाही लगातार चलती रहेगी। अन्य जो मंडी जहां इस तरह का काम चल रहा है उस पर भी जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### नमामि गंगे के तहत कराये जा रहे कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट जनसुनवाई कक्ष में नमामि गंगे के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नमामि गंगे के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो में तेजी लाये और गुणवत्ता के ध्यान में रखते हुए शासन की मंशा के अनुरुप शीघ्र कार्य पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि जनपद में जहां–जहां सड़क खुदाई का कार्य किया गया है उसे तत्काल पूर्ण कराएं और आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिपाह रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व द्वारा मौके पर जाकर नामामि गंगे द्वारा चलाये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य की प्रगति प्रत्यक्ष




देखा और नामामि गंगे के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिना आधार नही मिलेगी पेंशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन अगर आप भी राष्ट्रीय पेंशन योजना के लाभार्थी है तो जल्द ही अपना आधार ऑथोन्टीकेशन करा ले। अन्यथा आपकी पेंशन आना बन्द हो सकती है। इसके लिए पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी इंटरनेट, कैफे, लोकवाणी केंद्र या खुद मोबाइल के माध्यम से अपने आधार का प्रमाणीकरण करा सकते है। इसके साथ ही जिला प्रोबेशन कार्यालय कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालय में जाकर भी अपना बैंक विवरण, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित जमा कर सकते है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आधार बेस भुगतान की प्रक्रिया लागू करने के बाद जनपद में वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन व दिब्यांगजन पेशन का लाभ ले रहे लाभार्थियों के लिए आधार सीड़िग (आधार प्रमाणीकरण) अनिवार्य हो गया है। वर्ष 2022–23 में आधार बेस भुगतान किया जाना है। इसलिए जिन लाभार्थियों ने अभी भी अपने आधार का प्रमाणीकरण नही कराया है, व जल्द करा ले। अन्यथा उनकों पेंशन का लाभ मिलना बंद हो सकता है। इसके लिए लाभार्थी इंटरनेट कैफे, लोकवाणी केंद्र या खुद मोबाइल के माध्यम से अपने आधार का प्रमाणीकरण करा सकते है। ऐसे कराये आधार प्रमाणीकरणः– वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांगजन पेंशनर्स https%//sspy&up-gov-in/ पर जाये। सभी पेंशन योजना में अपनी योजना को चुने। लाभार्थी को सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर कराना होगा। इसके बाद होम पेज पर उपलब्ध रनिंग लिंक पर क्लिक करें (पुराने आवेदन पोर्टल पर मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करते हुए स्वयं अपने आधार कार्ड को ऑनलाइन सत्यापित करें) इसके साथ ही मोबाइल नंबर पर ओटीपी आयेगा। ओटीपी अंकित करने से आपका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो जायेगा। इसके बाद बेवसाइट के होम पेज पर जाये। आवेदन लॉगिन चुनें। फिर पंजीकृत आवेदनकर्ता लॉगिन। इसके बाद डैश बोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे नेम एंण्ड जेडर रिक्वेस्ट फॉर आधार रीवेरीफिकेशन पर क्लिक करें। इसके बाद नाम, जेडर चुने, फिर सब्मिट रिक्वेस्ट चेंज पर क्लिक करें। इसके बाद होम पेज पर आधार प्रमाणीकरण पर क्लिक करें। आधार सत्यापन के आधार नंबर अंकित कर दे और 02 टाइम नोटिफिकेशन को एलाऊ करें। इसके साथ ही आधार प्रमाणीकरण सक्सीड लिख कर आयेगा। मतलब कार्य पुरा हुआ। अगर इसके बाद भी आधार प्रमाणीकरण नही हो पा रहा है तो जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट, जौनपुर में उपस्थित होकर ठीक करायें।

# 34 वी पीएसी वाहिनी के रिटायर्ड कर्मियो को वाहिनी के कमांडर डा. मिश्रा ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी पीएसी वाहिनी भुल्लनपुर वाराणसी के 'कान्फ्रेंस हाल' में अपनी अधिवर्षता आयु दिनांक 31 मार्च 2022 को पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पीसी अशोक सिंह, मुख्य आरक्षी श्याम नरायन सिंह, मु0आ0 अमला सिंह, मु0आ0 रघुवंश राय तथा कुक परमा तिवारी का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर 34 वी पीएसी वाहिनी के सेनानायक डा0 राजीव नारायण मिश्र,आईपीएस द्वारा पीएसी परिवार की तरफ से उक्त अधिकारी व कर्मचारी के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।इस मौके पर उन्होने उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।विदाई समारोह में नरेश सिंह यादव, सहायक सेनानायक, देवपाल, शिविरपाल, रणजीत कुमार तिवारी, सूबेदार सैन्य सहायक, सहायक शिविरपाल बृजेश कुमार एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण



उपस्थित रहे।इस मौके पर विदाई समारोह का संचालन सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा किया गया।

# सनातन संस्कार मंच द्वारा हुआ होली मिलन सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव अभिनन्दन समारोह सम्पन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंहःलखनऊ। सनातन संस्कार मंच, खुशहाल स्वास्थ्य सेवा संस्थान एंव जीवन ज्योति हास्य योग लाफिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव अभिनन्दन समारोह तथा जीवन में संस्कार व संस्कृति की भूमिका पर उदबोधन का आयोजन तिकोनिया पार्क निकट बी ब्लाक चौराहा इन्दिरानगर लखनऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कई माननीय विधायक, गणमान्य व्यक्ति स्थानीय पार्षदों सहित सैकड़ो जनता उपस्थित रही। अध्यक्ष हास्ययोगी शिवाराम मिश्र ने सर्व आशुतोष टंडन माननीय पूर्व मंत्री व विधायक, नीरज बोरा विधायक, एवं संजय गुप्ता अध्यक्ष आर्दश व्यापार मंडल आदि अतिथियों का मार्ल्यापणकर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। अध्यक्ष हास्ययोगी शिवाराम मिश्र ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि हम सबको अपनी संस्कृति और संस्कार को अवश्य ही बचाकर रखना है क्योंकि जहां संस्कार नहीं होते हैं वहां की नस्लें सूख जाती है और जहां बारिस नहीं होती है वहां की फसलें सूख जाती हैं। कार्यक्रम में केशरी प्रसाद शुक्ल युवा विद्वान एवं प्रखर वक्ता अखिलेश्वर पाण्डेय तथा समाजसेवी इं० श्रीराम मिश्र ने सनातन संस्कार व संस्कृति पर अपने उदबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने संस्कार व संस्कृति से भटक गई है और दिनोदिन भटकती जा रही है। हम सबका यह कर्तव्य है कि बच्चों एवं युवाओं को अपनी परपराओं और संस्कृति से परिचित करायें, जिससे उनके आचरण और व्यक्तित्व में आशाजनक सुधार हो सके। सनातन संस्कार पर श्री आनंदनारायण महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी जो भी संस्कार, व सनातन परंपरायें और संस्कृति है वह विद्वान पूर्वजों एवं मनीषियों ने बनाया था वह सब तर्कगंत तथा विज्ञान पर आधारित है जिसे हम सबको अवश्य ही अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में शारदानंद मिश्र, 76 वर्ष, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, 78 वर्ष, अंजली मौर्या, रजनी तिवारी व रीना शुक्ला को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मिश्र ने कहा कि बुजुर्ग हमारे भार नहीं भाग्य हैं इनका सेवा व सम्मान हम सबको करना चाहिए तथा इनके लम्बे अनुभवों का लाभ परिवार और समाज को सुदृढ करने में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको लड़कियो को शिक्षित करने के साथ–साथ संस्कारी भी बनाना चाहिए, क्योंकि कभी कोई कुवारा लडका अपने मां बाप को वृद्धाश्रम नहीं भेजता है। जब से अपने अपनों से बेगाने हो गये तब



से वृद्धाश्रम बुजुर्गों के ठिकाने हो गये। यह कतई नहीं होना चाहिए। अतिथियों ने कहा कि सभी को अपने स्तर से प्रदूषण रोकने का हरसंभव प्रयास कर असमय हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में शिवाराम मिश्र, कृष्णानंद राय, श्रीराम मिश्र, अभिषेक आशुतोष राजन, मनोज खरे, बृजेश मिश्र, उदयकांत श्रीवास्तव, अंजलि मौर्या, रजनी तिवारी बीना शुक्ला, शारदानंद मिश्र श्रीप्रकाश पांडेय, हरीश मिश्र, संजय मिश्र रोशन सिंह, राजेन्द्र निषाद, प्रकाश यादव, रमेश तिवारी, पदमिनी नाटू, माही, भारती, लीलावती, माया, रीता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# थाना महराजगंज,स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अपहृत अनुज मिश्र को 12 घण्टे के अन्दर सकुशल किया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पुत्र त्रिवेणी मिश्र ग्राम चितावा थाना बक्शा द्वारा गुरुवार को थाना महराजगंज पर सूचना दी गयी कि मेरा पुत्र अनुज मिश्र उम्र 17 वर्ष महादेव पब्लिक स्कूल मिर्षदपुर कक्षा 9 का छात्र है, आज सुबह 8:30 बजे प्रत्येक दिन की भांति स्कूल के लिए निकला था तथा 4.15 बजे तक पर घर नहीं वापस आया तो उसकी खोजबीन शुरू किए लगभग 5:00 बजे उसकी साइकिल सरकारी अस्पताल गौरा कला मार्ग पर पोखरे के पास खड़ी मिली और उसका कुछ पता नहीं है।अपहरण का आरोप लगाते हुए थाना महराजगंज में प्रार्थना पत्र दिया था।ऐसे में अपह्रित की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना महराजगंज व स्वाट टीम प्रभारी आदेश त्यागी व सर्विलांस टीम प्रभारी रामजनम यादव के नेतृत्व में पीड़ित/अपह्रित अनुज मिश्रा पुत्र राजेन्द्र मिश्रा निवासी चितावा थाना बक्सा जनपद जौनपुर उम्र करीब 17 वर्ष को थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ लोकेशन मिलने पर थाना गोमतीनगर की पुलिस से समन्वय स्थापित कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए सकुशल बरामद कराया गया। पूछताछ व जाँच से अपहरण की सूचना मनगढंत व झूठी पायी गयी, अनुज घर से नाराज होकर भाग गया था और स्वयं ही घर वालों को फोन करके अपने अपहरण होने की सूचना दी गई थी।इस दौरान बरामदगी टीम में देवेन्द्र सिंह यादव चौकी प्रभारी राजाबाजार का0 पंकज साहनी का0 हरेन्द्र कुमार का0 अर्जुन यादव, थाना महराजगंज रहे।

# पड़ोसी से झगड़ा और धक्का मुक्की में वृद्ध की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नाऊपुर में पड़ोसी से कहासुनी और झगड़ा के दौरान दोनों पक्षो के बीच हुई धक्का–मुक्की में एक वृद्ध की मौत हो गई। आज शुक्रवार की दोपहर नाऊपुर पश्चिमपट्टी निवासी राम अवतार चौरसिया 75 वर्ष की अपने पड़ोसी धीरज चौरसिया के घर की महिलाओ से कहासुनी होते होते जमकर झगड़ा होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्षो में धक्का मुक्की शुरू हो गयी। धक्का–मुक्की के दौरान 75 वर्षीय वृद्ध रामअवतार चौरसिया घर के सामने जमीन पर गिर पड़े।ग्रामीणों के मुताबिक जमीन पर गिरते ही बृद्ध की मौत हो गयी। इसकी सूचना मृतक के घर वालो ने पुलिस को दे दिया। घटना की जानकारी मिलते ही केराकत कोतवाल लक्ष्मण पर्वत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिजनों को समझा–बुझाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेज दिया। केराकत पुलिस इंस्पेक्टर लक्ष्मण पर्वत ने बताया की घर परिवार में किसी विवाह के टूटने को लेकर दोनों पड़ोसियों में कहासुनी के बाद विवाद गहरा गया । विवाद में दोनों पक्ष धक्का मुक्की पर उतर आए। धक्का–मुक्की में वृद्ध जमीन पर गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । बृद्ध मृतक के शरीर पर चोट का एक भी निशान नहीं पाया गया।

# अनियंत्रित बाइक सवार विद्युत पोल से भिड़ा, मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर रोड पर रायमती तालाब के पास दाऊद पुर गांव में अनियंत्रित बाइक सवार की विद्युत पोल से टकराने के बाद मौत हो गई। घटना शुक्रवार अपरान्ह की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पूरारजवार निवासी सुनील गौतम 32 वर्ष अपनी पत्नी को बाइक से उसके मायके थाना महाराजगंज के ग्राम ब्राह्मणपुर में छोड़ कर वापस घर लौट रहा था। वह जैसे ही दाउदपुर के पास पहुंचा कि बाइक अनियंत्रित होने के कारण विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गया । आसपास के लोग उसे एंबुलेंस से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि इस बारे में किसी ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी है।

# बाल वाटिका और चहक कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु ईसीसीई कार्यशाला संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 3 माह के बाल वाटिका कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के मवई ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी मवई उदय भान यादव के नेतृत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें टीम एआरपी मवई, टीम नोडल शिक्षक संकुल मवई, बाल वाटिका के नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर और कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम के शुरुआत में उदय भान यादव ने बाल वाटिका के सफल क्रियान्वयन में सभी हित धारकों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए शासन द्वारा जारी 12 सप्ताह के गतिविधि कैलेंडर के अनुसार काम करने पर जोर दिया।उन्होने कहा कि चहक कार्यक्रम जोकि एक जागरूकता कार्यक्रम है, बाल वाटिका कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार है। इसी कड़ी में एआरपी डॉक्टर नीरज शुक्ला ने अपने परिवेश की सामग्रियों से टी एल एम बनाने हेतु अति सुंदर और महत्वपूर्ण टिप्स दिए।इसी क्रम में ए आर पी आशुतोष तिवारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री और नोडल शिक्षक को आपस में समन्वय स्थापित कर संयुक्त गतिविधियां कराने पर जोर दिया।इसी कड़ी में ए आर पी शिव शंकर सोनी ने कहा कि समस्त प्रधानाध्यापकों को बाल वाटिका के नोडल शिक्षक को कक्षा एक हेतु नामित करते हुए तथा स्वतंत्र खेल, बाह्य खेल और गतिविधियों के लिए स्थान का चयन पूर्व में ही करते हुए अभिभावकों से सामंजस्य स्थापित कर बाल वाटिका का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना चाहिए।इसी कड़ी में शिक्षक संकुल मंजेश मौर्या ने पीपीटी के माध्यम से 12 सप्ताह के गतिविधि कैलेंडर का प्रदर्शन करते हुए मॉर्निंग सर्कल टाइम और गुड



बाय सर्कल टाइम को स्वतंत्र खेल और बाह्य खेल से जोड़ते हुए भाषा, कला और गणित की गतिविधियों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की आधारशिला बताया।इसी कड़ी में नोडल शिक्षक संकुल देवेंद्र प्रताप सिंह ने बाल वाटिका के अंतिम 4 सप्ताह, जिसमें भाषा और गणित के 3–3 कालांश निर्धारित हैं, पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए विद्यालय में सभी हित धारकों की भूमिका को पीपीटी के माध्यम से समझाया।इसी क्रम में शिक्षक संकुल उपेंद्र सिंह ने मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग और बिग बुक को भाषा और साक्षरता कौशल का आधार बताते हुए बाल वाटिका कार्यक्रम के पूर्व और पश्चात चहक कार्यक्रम में कक्षा एक के बच्चों और अभिभावकों को आमंत्रित कर बच्चों की नियमित उपस्थिति पर चर्चा करते हुए और उनके उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने पर बल दिया।इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल मंजेश मौर्य ने किया।इस कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी मवई उदयभान यादव ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा की।

# अवकाश प्राप्त कर्मी का हुआ सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर, जौनपुर में 1 अप्रैल 2022 को अवकाश प्राप्त शिक्षकणेत्तर कर्मचारी शिव कुमार सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक श्री हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' ने कहाकि शिव कुमार सिंह महाविद्यालय के एक नेक और कर्मठ कर्मचारी के साथ– साथ अपने कर्तव्यों के प्रति बहुत ही निष्ठावान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर बी.के.निर्मल ने शिव कुमार सिंह को एक बहुत ही सरल और सच्चा कर्मचारी बताया और कहां अपनी सरलता और सज्जनता से इन्होंने सबका मन मोह लिया, इनकी कमी महाविद्यालय हमेशा महसूस करता रहेगा। पूर्व प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार पांडेय ने शिव कुमार सिंह द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। शिव कुमार सिंह ने महाविद्यालय में अपने बिताए हुए पलों को इस अवसर पर याद किया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा



योजना डॉ राकेश कुमार यादव ने किया इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ पंकज सिंह, डॉ. अविनाश वर्मा, डॉ अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ उदय प्रताप सिंह, कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, गंगा प्रसाद सिंह,बबलू सिंह, राजेश सिंह, ज्वाला प्रसाद, गरीब,श्रीनाथ सिंह ,राहुल सिंह आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पत्रकारों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात कर पत्रकध सौंपा गया।सेनापुर निवासी विनोद कुमार ने पत्रक में सेनापुर में बने शहीद उद्यान पार्क वध शहीद स्तंभ के प्रांगण में हाईघ्मास्क लाइट , ग्राम सभा की सड़को व गांव के अंदर 100 स्ट्रीट लाइट लगवाने व ग्राम पंचायत सेनापुर में घ्रघुउनाथराम के घर से दाउदपुर अनु. बस्ती तक एक किलोमीटर आरसीसी मरम्मत कार्य के साथ साथ केराकत बाजार में लगी मूर्तियों के ऊपर छतरी तथा नार्मल मैदान के शहीद स्तंभ को सुरक्षित जगह पर स्थापित कर उसका जीर्णोद्धार, व मुफ्तीगंज बाजार के मध्य में स्थित गांधी चबूतरा व कूड़े के ढ़ेर में तब्दील शहीद स्तंभ के नवीनीकरण के साथ ही शहीद पार्क बनवाने के लिए आग्रह किया गया । जिलाधिकारी ने सभी बिन्दुओं पर गम्भीरता से विचार कर अभिलम्ब समस्याओं को निस्तारित करने का आश्वासन घदिया । जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष व सुचितापूर्ण चुनाव



सम्पन्न कराये जाने पर पत्रकारगणों द्वारा जिलाधिकारी को चित्रकार सर्वेश सांवरिया द्वारा बनाया गया जिलाधिकारी की फोटो का पोट्रेट भेंट स्वरूप प्रदान कर आभार ज्ञापित किया गया । इस मौके पर पत्रकार विनोद कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी , पत्रकार प्रवीण कुमार , पत्रकार राजेश यादव व पत्रकार अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से घायल किशोर छात्र की इलाज के दौरान मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बजरंगनगर बाजार स्टेट बैंक के पास बुधवार सुबह ट्रक की चपेट में आने से घायल किशोर छात्र की बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई।इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।बेटे की मौत से सदमे में आयीं मां लीलावती बेसुध हो चारपाई पर गिरी पड़ी रहीं। जानकारी के अनुसार नितेश उर्फ चंदू प्रजापति पुत्र छोटेलाल साइकिल से अपने घर बिशुनपुर लेवरूआ से कोचिंग करने बजरंगनगर बुधवार सुबह जा रहा था जैसे ही स्टेट बैंक के पास पहुंचा ही था कि वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रही तेज गति ट्रक की चपेट आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे में उसके दोनो पैर ट्रक के पहिये के नीचे आ जाने से कुचल गया। पुलिस व परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गए थे जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया था।वहीं पर इलाज चल रहा था।शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।बेटे की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।किशोर छात्र चार बहनों के बाद पांचवें नंबर पर सबसे छोटा था।पिता मिट्टी का वर्तन बनाकर परिवार का पालन पोषण करता था!

# पारिवारिक कलह से तंग आकर वृद्ध ने खाया जहर हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बमैला गांव में बीती रात पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर वृद्ध ने जहर खा कर अपनी देह लीला खत्म कर ली गांव के रहने वाले अलाउद्दीन 70 वर्ष प्रति दिन शराब का सेवन करते थे बीती रात सलातून निशा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई परिजनों की माने इसी बात से नाराज होकर सलाउद्दीन ने जहर खा लिया और घर से ही कुछ दूर पर उल्टी करने लगे जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो परिजन आनन फानन में इलाज हेतु एक निजी अस्पताल ले गए जहाँ से सलाउद्दीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ सलाउद्दीन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुटी इस बारे में थानाध्यक्ष अवधनाथ यादव का कहना है कोई तहरीर नही मिली है अगर मिली तो कार्यवाही होगी।

# जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा आज संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रजिस्टर, पत्रावली, डिस्पैच रजिस्टर, शस्त्र लाइसेंस इत्यादि



फाइलों को व्यवस्थित तरीके से रखे एवं पुरानी फाइलों के डिस्पोजल कराने की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि कार्यालय में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय। कार्यालयों में धूमपान का प्रयोग न किया जाय। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व रामप्रकाश को कहा कि जो भी पुरानी फाइलें हैं उसको नियमावली के तहत ही डिस्पोजल कराया जाए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ में छात्रों ने अध्यापकों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम




को देखा, जवाहर नवोदय विद्यालय ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से देखने के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की. विद्यालय के कक्षा 10 और 12 के छात्र: और छात्राएं परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखने के लिए राजभवन गए थे। 100 छात्रों ने राज्यपाल के साथ कार्यक्रम को देखा, साथ में 4 शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। उक्त जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य वी के बाजपेई ने दी।

# विपणन शाखा सिरकोनी गेंहूँ कय केन्द्र का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मण्डी समिति, सदर में स्थित विपणन शाखा सिरकोनी गेंहूँ कय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र पर तैनात केन्द्र प्रभारी कमलेश नरायण, विपणन निरीक्षक उपस्थित मिलें। तैनात



केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर बोरा उपलब्ध है। केन्द्र पर बैनर प्रदर्शित था, इलेक्ट्रानिक कांटा, नमीमापक यंत्र, छलना, पंखा, डस्टर व गेंहूँ खरीद स्टॉक रजिस्टर, कय पंजिका, ताटपप्टी, बोरा रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, रिजेक्शन रजिस्टर उपलब्ध पाया गया। दीवार पर वालपेन्टिंग भी पायी गयी तथा किसानों के छाया में बैठने की व्यवस्था पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि केन्द्र पर मानक के अनुरूप प्रतिदिन गेहूँ खरीद करना सुनिश्चित करें, जिससे कृषकों को समर्थन मूल्य का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। कृषक को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, जिसका विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि गेंहूँ क्रय के सम्बन्ध में किसानों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रोत्साहित करे। गेंहूँ खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।